वित्तीय साक्षरता सप्ताह

5-9 जून 2017

क्या आपके पास इंटरनेट की सुविधा युक्त स्मार्टफोन उपलब्ध है? यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) प्लेटफार्म पर जाकर डिजिटल माध्यम का प्रयोग करें।

यह एक ऐसा प्लेटफार्म है जिसमें इंटरनेट की सुविधा वाले मोबाइल का उपयोग कर दो बैंक खातों के बीच धन का लेन-देन किया जा सकता है।

आप इसका उपयोग कर सकते हैं, यदि.....

- आपका मोबाइल नंबर आपके बैंक खाते से जुड़ा हुआ हो।
- आपके पास एक कार्यरत एटीएम/डेबिट कार्ड हो।

आप भीम (BHIM) ऐप, अन्य बैंकों के ऐप अथवा किसी तीसरी पार्टी के ऐप के द्वारा यूपीआई (UPI) का प्रयोग कर, लेन-देन कर सकते हैं। उदाहरण के लिए भीम ऐप में रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया नीचे दी गई है।

एक बार की रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया

1. BHIM ऐप डाउनलोड करें।
2. ऐप खोलें, एक एसएमएस आपकी डिवाइस को रजिस्टर करने के लिए भेजा जाएगा।
3. अपना लॉगिन पासवर्ड बनाएँ और लॉगिन करने के बाद बैंक खाते का चयन करें।
4. आपका वर्चुअल पेमेंट ऐड्रेस (वीपीए) अथवा यूपीआई आईडी होगा - आपका मोबाइल नंबर @ यूपीआई
5. यूपीआई पिन बनाने के लिए निम्नांकित संकेतों का प्रयोग करें
   - एटीएम कार्ड के अंतिम 6 अंक
   - एटीएम कार्ड की वैध अवधि की समाप्ति का माह और वर्ष
   - आपके मोबाइल पर प्राप्त ओटीपी (वन टाइम पासवर्ड)

- अपने यूपीआई पिन के प्रयोग द्वारा आप किसी भी लाभार्थी के साथ केवल उसके वर्चुअल ऐड्रेस के आधार पर निर्बाध रूप से धन का लेन-देन कर सकते हैं।
- यदि लाभार्थी के पास कोई वर्चुअल ऐड्रेस नहीं है, तो आईएफएससी और खाता संख्या के द्वारा भी धन के लेन-देन की सुविधा उपलब्ध है।

त्वरित एवं तत्काल ट्रांसफर की चौबीसों घंटे (24 X 7) सुविधा

वित्तीय साक्षरता – विकास का रास्ता

UPI

वित्तीय समावेशन एवं विकास विभाग
भारतीय रिज़र्व बैंक
www.rbi.org.in